**जेट निटवियर कंपनी का औद्योगिक भ्रमण**

**दिनांक:**
**13 नवम्बर 2024**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के प्रबंधन के विद्यार्थियो द्वारा इंडस्ट्रियल टूर के अंतर्गत जेट इको औद्योगिक प्रतिष्ठान का भ्रमण किया गया।

इंडस्ट्रियल टूर को संस्थान के निदेशक प्रो सुधांशु पांडया एवं प्रो अंशु यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रो सुधांशु पांडया ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थी उद्योग की कार्य प्रणाली से अवगत होते हैं , उन्होंने कहा हमारा मकसद प्रबंधन के विद्यार्थियों को क्लासरूम शिक्षा के साथ-साथ प्रेक्टिकल शिक्षा भी देना है।

प्रोफेसर अंशु यादव ने औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इंडस्ट्रियल टूर समन्वयक डॉ सुधांशु राय ने कहा कि संस्थान पूरे वर्ष भर प्रत्येक विद्यार्थी को विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों का भ्रमण करा कर उन्हें इंडस्ट्री की डिमांड के अनुसार विकसित करेगा और उनमें नेतृत्व क्षमता का भी विकास करेगा।

भ्रमण के दौरान जेट इको के प्रबंध निदेशक श्री बलराम नरूला ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की हर उन बारीकियां को समझाया कि किस प्रकार इंडस्ट्री का कार्य होता है साथ ही साथ इंडस्ट्री के कर्मचारियों से भी विद्यार्थियों ने उनके फीडबैक लिए।

शिक्षक डॉ गौरी सिंह और डॉ राहुल अग्रवाल फैकल्टी इंचार्ज एवं छात्र प्रशांत एवं मानसी स्टूडेंट इंचार्ज के रूप औद्योगिक भ्रमण का समन्वय किया।

प्रशासनिक समन्वयक डॉ विवेक सचान एकेडमिक समन्वयक डॉ चारू खान डॉ अपर्णा कटियार डॉ मृदलेश सिंह डॉ प्रशांत त्रिवेदी गायत्री इत्यादि शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित रहे





